राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान

(ग्रामीण विकास मंत्रालय का एक संगठन, भारत सरकार)

राजेन्द्रनगर, हैदराबाद - 500030

दि. 11.02.2013 (शनिवार) को वाक - इन - इंटरव्यू (साक्षात्कार)

एन आई आर डी भारत सरकार/ राज्य सरकार अथवा स्वायत्त निकायों / लोक क्षेत्र उपक्रमों आदि में कार्य अनुभव प्राप्त सेवानिवृत्त राजभाषा कर्मियों की सेवाएँ अल्पावधि अनुबन्ध (contract) के आधार पर लेने को इच्छुक है -

1. **परामर्शदाता (राज भाषा) - रु. 35,000/- प्रति माह**
2. **हिन्दी अनुवादक - रु.15,000/- प्रति माह**

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.nird.org.in को देखें

सहायक रजिस्ट्रार

रा0 ग्रा0वि0 A/A5 /2013/1

परामर्शदाता (राजभाषा) एवं हिन्दी अनुवादक
की सेवाओं के कार्य हेतु सूचना

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान(एन आई आर डी) ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण, अनुसंधान और परामर्शी क्रियाकलापों का एक शीर्ष संस्थान है । संस्थान द्वारा भारत सरकार / राज्य सरकार या उसके स्वायत्त निकायों/लोक क्षेत्र उपक्रमों आदि में कार्य अनुभव प्राप्त सेवानिवृत्त राजभाषा कर्मियों की सेवाएँ **अल्पावधि संविदा (short term contract) के आधार** पर निम्नलिखित कार्यों के लिए लेने का प्रस्ताव है ।

I. परामर्शदाता (राजभाषा) - एक पद

क. i) समेकित मानदेय : रु. 35,000/- प्रति माह

ii) शैक्षणिक योग्यतायें :

आवश्यक :

i) **मास्टर डिग्री हिन्दी में प्रथम या द्वितीय श्रेणी में** एवं डिग्री स्तर पर **अंग्रेजी** वैकल्पिक विषय के रुप में उत्तीर्ण हो । मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

ii) मूल लेखन में कम से कम **सात वर्ष का अनुभव** जिसे प्रकाशित कार्य या हिन्दी में शब्दावली कार्य से दर्शाया जाए या अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य

iii) **संस्कृत** भाषा का समुचित ज्ञान

iv) सामाजिक विज्ञान अनुसंधान सामग्री या समानांतर प्रकृति वाले व्यक्तियों की सामग्री के अनुवाद में **सात वर्ष का अनुभव** प्राप्त हो ।

v) बडे संगठन में संपादन एवं हिन्दी में प्रकाशन विशेषकर सामाजिक विज्ञान से संबंधित सामग्री प्रकाशित करने की योग्यता

vi) हिन्दी अधिकारी के पद पर कम से कम **तीन वर्षों का अनुभव** या किसी राजभाषा पद जो रु.6600/- के ग्रेड वेतन पर हो या उसके स्वायत्त निकाय / सरकारी उपक्रमों इत्यादि में इसके समतुल्य पद पर हो ।

वांछनीय :

i) हिन्दी में कार्यशालाओं, सेमिनारों इत्यादि को आयोजित करने का अनुभव

ii) प्रशासनिक अनुभव

iii) किसी अन्य आधुनिक भारतीय भाषा का ज्ञान

ख. आयु - अधिमानत: 65 वर्ष की उम्र से कम हो

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से योग्य मामलों में उपर्युक्त मानदंडों/योग्यताओं में छूट देने पर विचार किया जा सकता है ।

2. <u>हिन्दी अनुवादक</u> - एक पद

i) समेकित मानदेय : रु. 15,000/- प्रति माह

ii) आवश्यक :

क) योग्यतायें :

i) मास्टर डिग्री में अनिवार्य रुप से हिन्दी/अंग्रेजी और डिग्री स्तर पर वैकल्पिक विषय के रुप में अंग्रेजी / हिन्दी अथवा मुख्य विषय के रुप में हिन्दी और अंग्रेजी में स्नातक की डिग्री (जिसमें अनिवार्य और वैकल्पिक शब्द सम्मिलित है)

ii) अंग्रेजी से हिन्दी और हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य में दो वर्ष का अनुभव

iii) प्रूफ रीडिंग और हिन्दी में प्रकाशन कार्य में अनुभव

iv) सरकारी या उसके स्वायत्त निकायों/ सरकारी उपक्रमों इत्यादि मे रु.4200/- के ग्रेड वेतन या समतुल्य हिन्दी अनुवादक अथवा कोई भी राजभाषा पद पर कम से कम **तीन वर्षों का कार्य अनुभव**

ख) आयु : अधिमानत: 65 वर्ष की उम्र से कम

III. **कार्यकाल की अवधि** :- कार्यकाल विशुद्ध रुप से संविदा पर अस्थायी आधार पर है जो प्रारंभ में **6 महीनों** की अवधि के लिए होगी । व्यक्तिगत कार्य निष्पादन और संस्थान की आवश्यकता के आधार पर कार्य अवधि को आगे बढाने के बारे में विचार किया जाएगा ।

IV. **पस्तावित नियुक्ति विशुद्ध रुप से संविदा पर अस्थायी आधार पर होगी और भविष्य में किसी भी प्रकार से स्थायी नियुक्ति पर विचार नहीं किया जाएगा ।**

IV. इच्छुक अभ्यर्थी बायो-डाटा की प्रति, फोटो एवं संबद्ध दस्तावेजों के साथ वाक इन - इंटरव्यू के लिए प्रशासनिक ब्लॉक, एन आई आर डी, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद - 500030 में अनिवार्य रुप से **<u>11.02.2013 (शनिवार) सुबह 10.15 बजे</u>** तक रिपोर्ट / पंजीकरण करें । सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ मूल दस्तावेजों को भी लाना होगा । साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता / महँगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा ।

V. दि. 11.02.2013 (शनिवार) को 11.00 बजे से साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा ।

सहायक रजिस्ट्रार (ई)